आकाशवाणी श्री विजयपुरम

21.01.2025 समय : 1850

- छियहत्तरवें गणतंत्र दिवस परेड में भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का प्रदर्शन होगा।

- गणतंत्र दिवस समारोह और फुल ड्रेस रिहर्सल को देखते हुए श्री विजयपुरम में यातायात की विशेष व्यवस्था।

- निकोबार ज़िला पुलिस ने घुसपैठी अभियान चलाकर नौ म्यांमारी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया।

- तिहत्तरवें पुलिस स्थापना सप्ताह के तहत द्वीपों में विभिन्न समुदाय–केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन।

<><><><><><><>

इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का शानदार प्रदर्शन होगा। इसमें संविधान लागू होने के पचहत्तर वर्षों और जन भागीदारी पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित रहेगा। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियान्तो इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कर्तव्य पथ पर परेड में भारतीय सशस्त्र बलों के साथ–साथ इंडोनेशिया का एक सौ साठ सदस्यों का मार्चिंग दस्ता और एक सौ नब्बे सदस्यों का बैंड दस्ता भी भाग लेगा। इस अवसर पर चौंतीस श्रेणियों के लगभग दस हजार विशेष अतिथियों को राष्ट्र और समाज के निर्माण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में चौबीस जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल और छब्बीस जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए यातायात व्यवस्था की गई है। उपराज्यपाल का काफिला फायर ब्रिगेड क्रॉसिंग, विकास भवन, स्काउट हट जंक्शन, वाई नारायण जंक्शन होते हुए सेल्यूलर जेल पहुंचेगा। सेल्यूलर जेल शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि समारोह के बाद, यह काफिला सेल्यूलर जेल, वाटर स्पोर्ट्स ट्राई–जंक्शन से होने हुए मरीना पार्क पहुंचेगा। 'पी' ग्रीन पार्किंग कार्ड धारक वाहनों को मरीना पार्क गेट के बच्चों का यातायात पार्क के पास पार्क करने होंगे।. 'पी' पिंक पार्किंग कार्ड धारक वाहनों को स्विमिंग पूल पार्किंग क्षेत्र में पार्क कर सकते हैं। पी–एक कार्डधारक वाहन को नेताजी स्टेडियम के भीतर और नेताजी स्टेडियम पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने होंगे। ऐसे कार्डधारकों को तरणताल के आखिरी छोर के दाहिने ओर बैठने की अनुमति होगी। अन्य सभी वाहन जिनमें कोई पार्किंग लेबल नहीं होगा, उन्हें नेताजी स्टेडियम के भीतर बहुउद्देशीय सभागार के नजदीक वाहन खड़े करने होंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट की ओर से आने–जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल, ए.पी.डब्लू.डी कॉसिंग से मुरगन मंदिर के रास्ते शादीपुर जंक्शन तक जाना होगा। भारी वाहनों और बसों को सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े दस बजे के बीच बंगाली क्लब से गोलघर और जंगलीघाट के रास्तों का इस्तेमाल करना होगा। सुबह आठ बजे के बाद समारोह की समाप्ति और अतिथियों तथा परेड के प्रस्थान करने के बाद ही अन्य वाहनों को छोड़ा जाएगा। एम्बुलेंस तथा आपातकालीन चिकित्सा के वाहनों को जी.बी. पंत अस्पताल जाने के लिए वाई–नारायण जंक्शन और सेल्यूलर जेल के रास्ते जाने की अनुमति रहेगी। यह मार्ग अन्य वाहनों के लिए सुबह आठ बजकर पांच मिनट से आठ बजकर पैंतीस मिनट तक बंद रहेगा। जी.बी. पंत अस्पताल के भीतर मौजूद वाहनों को सुबह सात बजे से लेकर दस बजे तक अस्पताल के पिछले द्वार से डिगनाबाद समुद्री सी–शोर के रास्ते जाने की अनुमति होगी। परेड में शामिल दस्ते को गर्ल्स स्कूल जंक्शन में उतारने के बाद ऐसे वाहनों

को फायर ब्रिगेड की ओर रवाना किया जाएगा और समाप्ति के बाद ही उन्हें अपने–अपने इकाईयों की ओर रवाना किया जाएगा।

<><><><><><><>

निकोबार जिला पुलिस ने घुसपैठी अभियान चलाकर नौ म्यांमारी घुसपैठियों को पकड़ा। पुलिस को हाल ही में डेरिंग और ओलिनपो के बीच एक बर्मी डिंगी के देखे जाने के संबंध में कामोर्टा के स्थानीय लोगों से सूचना प्राप्त हुई। इस पर कार्रवाई करते हुए ननकौड़ी पुलिस थाना प्रभारी सब–इंस्पेक्टर कैल्विन के नेतृत्व में एक पुलिस टीम द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया, जहां छह म्यांमारी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद शेष तीन अन्य घुसपैठियों को इंकाटो में समुद्र तट से पकड़ा गया। सभी घुसपैठियों से आगे की पूछताछ चल रही है।

<><><><><><><>

निकोबार जिला पुलिस की ओर से तिहत्तरवें पुलिस स्थापना सप्ताह के तहत जिले में विभिन्न समुदाय–केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य जनसंपर्क को मजबूत करना, शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, खेल भावना और सार्वजनिक सुरक्षा के महत्व को उजागर करना है। कार्यक्रम के तहत जन सहभागिता बढ़ाने के लिए जन संवाद और जन सुनवाई सत्र आयोजित किए गए। निकोबार ज़िला पुलिस अधीक्षक सनी गुप्ता, ने मिलडेरा, कच्छाल में आदिवासी समुदाय के साथ बातचीत में अवैध शराब पर अंकुश लगाने और समय पर शिकायत निवारण सुनिश्चित करने के लिए सहयोग पर जोर दिया। एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए खेल गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए कार निकोबार और कैम्पबेल बे में योग सत्र आयोजित किए गए, जिसमें तनाव प्रबंधन और स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

<><><><><><><>

पुलिस स्थापना सप्ताह और सड़क सुरक्षा माह के तहत में अंडमान निकोबार यातायात पुलिस और दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से कल अबरडीन पुलिस थाना के कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस कर्मियों का रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में लगभग सत्ताईस लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार मीणा के साथ अन्य पुलिस कर्मी भी उपस्थित थे। इसके अलावा अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने पुलिस मनोरंजन टीम के सहयोग से सेल्यूलर जेल और मरीना पार्क में सड़क सुरक्षा पर एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा आयोजित "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस की नींव और अनुप्रयोग" पर छः दिवसीय ऑनलाइन एआईसीटीई प्रशिक्षण और शिक्षण अकादमी–संकाय विकास कार्यक्रम किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर के.के अग्रवाल ने एआई और डेटा साइंस के पूरक और अनुपूरक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने मानव और प्रकृति के लाभ के लिए एआई और डेटा साइंस के रचनात्मक उपयोग का आग्रह किया। इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान अनुशासन के शिक्षाविदों, शोध विद्वानों, छात्रों और उद्योग के पेशेवरों सहित लगभग एक सौ बीस प्रतिभागी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर सर्किट कोर्ट की बैठक सत्ताईस जनवरी से दस फरवरी तक आयोजित की जाएगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सौगाता भट्टाचार्या और न्यायमूर्ति पार्था सारथी चैटर्जी मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से कल "गर्भावस्था और बच्चों में हृदय रोग" विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। अनिम्स के कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. श्रीकांत विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। कार्यक्रम कल शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

गाराचरमा में ट्रांसफार्मर को बदलने के कार्य के चलते कल बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। न्यू बिम्बलीटान, गाराचरमा, कार्बाइन्स कोव, बिडनाबाद के कुछ क्षेत्रों में कल सुबह सात बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक बिजली की कटौती की जाएगी।

उधर, बिजली के खंभों को स्थापित किए जाने के कारण तेईस तारीख को बम्बूफ्लाट से विम्बर्लीगंज के क्षेत्रों में सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर ढाई बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>